तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 6 मई 2024

11 शहर के प्रतिष्ठित डॉ. दीपक अपने टीम के...



12 चुनावी शोर थमने से पहले कांग्रेस-भाजपा ने झोंकी पूरी...





# जंगलों में तड़के पहुंचते हैं ग्रामीण, समूह बनाकर तोड़ते हैं तेंदूपत्ता, ताकि खतरा हो तो मदद मिल सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर जहां जिले के वनांचल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कार्य के शुरू होते ही भालुओं द्वारा ग्रामीणों पर हमला करने की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। शनिवार को एक ही दिन में जिले के वनांचल क्षेत्र ग्राम कांडे और बालोदगहन के घने जंगल में भालुओं ने दो लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इनमें एक महिला और एक पुरुष शामिल हैं। दोनों को गंभीर हालत में रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस पूरे घटनाक्रम के अगले ही दिन घने जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ाई करने वाले ग्रामीणों के मन में आखिर क्या चल रहा है और वे किस तरह अपने जान जोखिम में डालकर तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल में जाते हैं, इस पूरे हालात को समझने हरिभूमि की टीम ने रविवार तड़के जिले के घनघोर जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनसे बातचीत की।

■ तेंदूपत्ता संग्राहकों से जंगल में बातचीत कर जानी पत्ता तोड़ाई के दौरान बरती जाने वाली सावधानी

ग्रामीणों ने हरिभूमि से कहा कि घनघोर जंगल में दहशत के बीच एक एक पत्ते को तोड़ना और अपने आप को सुरक्षित जंगल से बाहर निकालना बड़ी चुनौती है। सुबह करीब 2 घंटे तक घने जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ रहे ग्रामीणों के साथ चर्चा करने के बाद कुछ ग्रामीणों ने हरिभूमि की टीम को घनघोर जंगल से बाहर मुख्य मार्ग तक सुरक्षित पहुंचा दिया। तेंदुपत्ता संग्रहण करने भारी संख्या में ग्रामीण घनघोर जंगल में सुबह 5 बजे पहुंच जाते हैं और 12 बजे तक तेंदूपत्ता तोड़ाई कर वापस लौटते हैं। इन 6 ▶▶|शेष पेज 10 पर

## जंगली जानवरों के हमले की घटनाओं के बीच जंगल में पहुंची हरिभूमि की टीम



### जंगली जानवरों से खतरा, डर के साये में तोड़ते हैं पत्ता

तेंदुपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों ने बताया कि घने जंगल के बीच जाने पर भालू, चीतल, जंगली सूअर, लकड़बग्घा सहित जहरीले सांप, बिच्छू व अन्य जहरीले कीड़े मकोड़ों से सामना कभी भी हो सकता है। ऐसे में काफी दहशत के बीच तेंदुपत्ता की तोड़ाई करते हैं, क्योंकि आजीविका के मुख्य साधनों में से एक तेंदुपत्ता तोड़ाई भी है। ऐसे में जान जोखिम में डालकर यह कार्य करना पड़ता है।







### अक्सर होती है इस तरह की घटना सावधानी बरतना जरूरी

घने जंगलों में तेंदुपत्ता तोड़ रहे ग्रामीणों को शनिवार को हुई घटना की जानकारी लगने के बाद वे सतर्क हो गए हैं। लेकिन, अपना कार्य बंद नहीं किया है, क्योंकि कुछ दिनों बाद तेंदू पत्ता उपयोगी नहीं रह जाएगा। जंगली जानवरों द्वारा ग्रामीणों पर हमला करने की घटना अक्सर देखने को मिलती है। ऐसे में ग्रामीण स्वयं की सुरक्षा के लिए समूह में इतनी दूरी पर रहते हैं कि आवाज देकर मदद के लिए बुला सकें। फिर भी कई ग्रामीण लापरवाही करते हैं और अकेले ही घने जंगल में चले जाते हैं। ऐसे में किसी जंगली जानवरों का हमला हो जाने पर उन्हें जल्दी मदद नहीं मिल पाती और भारी नुकसान उठाना पड़ जाता है।





## खबर संक्षेप

### एमए चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा आज से

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा के एमए चतुर्थ सेमेस्टर के अर्थशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 6 मई को प्रातः 10.30 बजे से ली जाएगी। इसी तरह एम.ए चतुर्थ सेमेस्टर के राजनीति विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 11 मई को प्रातः 10.30 से प्रारम्भ होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व प्रायोगिक रिकार्ड के साथ अपने-अपने विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने कहा है।

### लाटाबोड़ में रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा 11 को

**लाटाबोड़।** ग्राम लाटाबोड़ में 11 मई शनिवार को एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष तीरथ साहू (वंशु) ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपए, द्वितीय 5001, तृतीय 3001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपए प्रदान किया जाएगा। श्री साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 300 रूपये रखा गया है।

### गुंडा बदमाश गिरफ्तार

**भिलाई।** गुंडा बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई करती आ रही है। पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि भाठापारा रुआबांधा के पास रुआबांधा निवासी सागर बाग उर्फ डागी नामक युवक चाकू को लहराकर लोगों को डरा धमकाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुचकर सागर को गिरफ्तार किया है। आरोपी सागर बाघ थाना भिलाई नगर क्षेत्र का गुंडा बदमाश है। उसके खिलाफ थाना में हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट के 12 अपराध दर्ज है।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। छावनी पुलिस ने बताया कि सुंदर नगर कैम्प 1 निवासी आरोपी मो. नौशाद अली उर्फ बिल्लू से अवैध शराब, जे. अरविंद लोहे का धारदार चाकू, ए रफीक बटन चाकू जब्त किया है। तीनों आरोपियों को पुलिस ने सूचना पर पकड़ लिया।

### अमित को जिला बदर करने प्रतिवेदन भेजा

**भिलाई।** हथियार लेकर घर में घुसकर मारपीट करने वाले वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि अमित जोश को पुलिस ने पकड़ा है। उसके खिलाफ थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, अपहरण, मारपीट जैसे कुल 49 प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी अमित को जिला बदर करने के लिए प्रतिवेदन भी भेजा है। एक महिला के साथ आरोपी अमित गाली गलौज कर घर घुसकर धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी की शिकायत मिली थी।

## अनदेखी : कार्रवाई नहीं होने से बढ़े लकड़ी चोरों के हौसले

# अंचल में धड़ल्ले से जारी है प्रतिबंधित कहवा वृक्षों की कटाई और परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

अंचल बिना अनुमति प्रतिबंधित कहवा पेड़ों की कटाई कर परिवहन धड़ल्ले से की जा रही है।लकड़ी परिवहनकर्ताओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि कुसुमकसा में संचालित वनोपज जांच नाका के सामने मुख्य मार्ग से अवैध लकड़ी से भरी गाड़ी धड़ल्ले से ले जा रहे हैं। इसे देखकर लगता है कि जिम्मेदारों ने मौन स्वीकृति दे दी है या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। वहीं, ऐसे जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण काटे गए पेड़ों की लकड़ियां रात ही नहीं, बल्कि दिनदहाड़े भी की जा रही है, क्योंकि उन्हें सरकारी अमले का जरा भी डर नहीं रह गया है। ऐसे में विभाग के जिम्मेदार लोगों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, आम लोगों का कहना है कि उक्त लकड़ी की सप्लाई आसपास के आरा मिलों में की जाती है। ग्रामीण अंचलों में लकड़ियों के दलाल पूरी तरह सक्रिय हैं, जो किसानों से संपर्क कर उनके खेतों से प्रतिबंधित लकड़ियों को मशीनों से काटकर महंगे दामों पर बेच रहे हैं। क्षेत्र के लगभग सभी गांवों में इन दिनों खेत खलिहानों में अर्जुन वृक्ष की कटाई जोरों पर है। बताते हैं कि दूसरे ग्रामों से लकड़ी ठेकेदार आते हैं और पेड़ काटकर ट्रैक्टरों या अन्य वाहनों में भरकर ले जाते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पेड़ों की कटाई आधी रात को शुरू कर दी जाती है। कई बार दिनभर गाड़ियों में लकड़ियों को भरकर उसे छुपा कर रख दिया जाता है और आधी रात के बाद इसे निश्चित जगह तक पहुंचाया जाता है, ताकि किसी तरह की कोई कार्रवाई न हो।

■ जिम्मेदारों की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

उल्लेखनीय है कि कहवा एक प्रतिबंधित पेड़ है। मार्केट में सबसे ज्यादा मांग कहवा की लकड़ी की ही रहती है। फसलों की कटाई के साथ ही वाहनों को खेतों तक जाने का रास्ता मिल जाता है और किसान भी लकड़ियों को आसानी से बेच देते हैं, जिसके कारण लकड़ी का व्यापार करने वाले दलाल इसका फायदा उठाते हैं। लेकिन, वन विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना अनेक सवालों को जन्म देता है।



### वनोपज जांच नाका सालभर से बंद

वनोपज जांच नाका कुसुमकसा का कार्यालय मुख्य मार्ग से अंदर होने व राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य होने से लगभग एक साल से भी अधिक समय से नहीं है। इससे लकड़ी चोरों के हौसले बुलंद हैं। जहां प्रतिबंधित कहवा लकड़ी को दिनदहाड़े परिवहन कर रहे हैं, तो इमारती लकड़ी के अवैध परिवहन को कोन रोकेगा।

### अवैध कटाई व परिवहन पर होगी कार्रवाई

कहवा पेड़ की कटाई व परिवहन प्रतिबंधित है। राजस्व की जमीन से कहवा पेड़ की कटाई कर परिवहन करते पाए जाने पर वन विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। **-जेएल सिन्हा,** एसडीओ, वन विभाग

# बोरी के पास मंडरा रहे थे कुत्ते, पुलिस पहुंची तो मिली युवती की लाश

■ आशंका होने पर राहगीरों ने सनौद पुलिस को दी सूचना

■ विकासखंड के ग्राम रमतरा निवासी युवती के रूप में हुई शव की पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बोरी में भरी युवती की लाश गुरूर-सनौद मुख्य मार्ग में ग्राम तितुरगहन के पास खेत में मिली है। बोरी के आस पास कुत्ते मंडरा रहे थे, जिसे देख राहगिरों को आशंका हुई, तब उन्होंने नजदीक के सनौद थाने में सूचना दी। देर शाम राहगिरों ने ग्राम तितुरगहन के पास भरी हुई बोरी खेत में पड़ी हुई देखी। उसके आस-पास कुत्ते मंडरा रहे थे, जिसे देख राहगिरों ने सनौद थाना में इसकी सूचना दी। सनौद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर कुत्ते की मदद से बोरी का अवलोकन करने के बाद उसे खोलकर देखा, तो उसमें एक युवती की लाश थी। लाश की पहचान विकासखण्ड के ही ग्राम रमतरा निवासी भेश्वरी साहू 32 वर्ष के रूप में हुई है। युवती के पैर के बंधे होने की बात सामने आ रही है। ग्राम रमतरा से घटना स्थल की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है। ग्राम रमतरा के ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती शनिवार को सुबह घर से धमतरी जाने के नाम से निकली थी। उसके बाद वह नहीं लौटी उसकी लाश बोरी में भरी हुई मिली। उसके तीन छोटे बच्चे हैं, महिला बीते कुछ दिनों से अपने पति से अलग रह रही थी। आशंका व्यक्त की जा रही है, कि महिला की हत्या अन्य जगह में करने के बाद उसे बोरी में भरकर ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ गुरूर-सनौद मुख्य मार्ग में ग्राम तितुरगहन के पास खेत में पड़ी थी बोरी

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोप से दो भाई कोर्ट से हुए बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

पीड़िता ने दो सगे भाइयों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखाई थी, जिस पर न्यायालय ने माना कि आरोपीगण, दोषमुक्त करने के काबिल हैं। मंगचुआ थाना पुलिस द्वारा पेश अभियोग पत्र के अनुसार आरोपी पीड़िता को समय-समय पर उसके स्कूल से बुलाकर अपने दोस्त के घर तथा अन्य स्थानों पर ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाता था। अंतिम बार 27 सितंबर 2021 को अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से पहुंचा और स्कूल से बाहर मिलने पर अपने घर ले गया, जहां दोनों भाइयों ने उससे संबंध बनाया। वहीं, पीड़िता ने अपनी माता को आरोपियों द्वारा अपने घर के पटाव में बंद करने की जानकारी दी थी। उसके बाद उसकी मां की शिकायत पर पुलिस जब आरोपी के घर पहुंची, तो पता चला कि उसके घर में पटाव ही नहीं है। उसके बाद लड़की ने अपने पिता को बताया कि वह स्वयं अपने घर पहुंच गई है। वहीं, मामले में अधिवक्ता ने घटना के दिन व समय पर आरोपियों के अपने निवास स्थान गांव में ▶▶|शेष पेज 10 पर

# बच्चों को कराई जा रही प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तहसील साहू संघ गुण्डरदेही एवं अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सामाजिक बच्चों के लिए संचालित निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही के मेडिकल ऑफिसर डा.पुष्पेंद्र अग्रवाल, पूर्व खंड चिकित्सा अधिकारी गंगा नेताम पहुंचीं। डॉक्टर पुष्पेंद्र अग्रवाल ने कहा कि सभी व्यक्ति में सीखने की अपार संभावनाएं होती हैं, उसे सिर्फ पहचानने की आवश्यकता है तथा उसके अनुरूप अपने जीवन शैली को ढाल कर अपने विशिष्ट लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। अर्थात उन्होंने बच्चों को कड़ी मेहनत निरंतर करते रहने की सलाह दी। वहीं, गंगा नेताम ने बच्चों को स्वास्थ्यगत शिक्षा देते हुए पढ़ने वाले बच्चों के लिए योग और प्राणायाम करने के लिए प्रेरित किया। तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा बच्चों को कोचिंग में अध्यापन कराने के लिए विशेष टीम गठन किए हैं जो बिना किसी मानदेय के निशुल्क शिक्षण तन मन धन से प्रदान करने वाले हमारे ऐसे अध्यापक रवि कुमार साहू गणित विषय पर आधारित तार्किक प्रश्नों की विशेष जानकारी प्रदान कर रहे हैं। पंचू राम साहू द्वारा अंग्रेजी विषय के विभिन्न कठिनाइयों को दूर करते हुए अंग्रेजी व्याकरण पर विशेष फोकस किया जा रहा है। किशन लाल साहू एवं विक्रम साहू द्वारा इस निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम में नियमित उपस्थिति देकर कोचिंग मैनेजमेंट के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में शत–प्रतिशत सफलता हासिल करने के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाल रहे हैं, निखिल कलिहारी द्वारा छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ तहसील साहू संघ एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा आयोजन



## जिले में 42 डिग्री तक पहुंचा तापमान, लोग हलाकान


# तेज धूप व गर्मी के कारण दर्शनीय स्थलों में छाई वीरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन व दर्शनीय स्थल सियादेवी मंदिर गर्मी के कारण वीरान नजर आने लगा है। बेमौसम बारिश के कारण लोग अनुमान लगा रहे थे कि आगामी दिनों में गर्मी का असर कम होगा, लेकिन मई का महीना लोगों को बहुत ही ज्यादा तपने लगा है और दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुँच गया है।

जिसके कारण जंगलों में लगे पेड़ पौधे भी झूलसने लगे हैं और पत्ते सूखने लगे हैं, जबकि इस वर्ष पतझड़ के बाद पेड़ पौधों में जल्द ही हरियाली आई थी, जिससे ग्रामीण अंचल के लोग खुश होकर अनुमान लगा रहें थे की की गर्मी के दिनों में धूप का प्रभाव कम हो सकता है। लेकिन, यह अनुमान विपरीत नजर आ रहा है और लोग तेज धूप और गर्मी से बचने के लिए घरों में कैद नजर आ रहे है। सियादेवी मंदिर में स्थित प्राकृतिक झरना गर्मी के कारण बंद है। हाँ उन्हें मंदिर के साथ ही बांध और घने जंगल के बीच छाँव में पिकनिक के लिए पर्याप्त जगह मिलता है, लेकिन इसके बावजूद पर्यटक गर्मी के दिनों में आने से कतराने लगे हैं, क्योंकि धूप बहुत ही ज्यादा है, जिसके कारण डेम और झरना सूखे पड़ गए हैं और चट्टानों के बीच पानी का बहाव रुक गया है। जिले के प्रमुख पर्यटन व दार्शनिक स्थल में शामिल सियादेवी मंदिर व रानी माँ मंदिर में तेज धूप और गर्मी के कारण इन दर्शनीय स्थलों में पर्यटकों की भीड़ पर असर पड़ा है। जिस मंदिर में रोजाना सैकड़ों पर्यटकों की भीड़ लगी रहती थी, उस मंदिर में वीरानियाँ छाई हुई हैं। हालांकि जंगल में छाँव व फूलों को खुशबू मन को आनंदित कर रही हैं, लेकिन गर्मी के कारण लोग घूमने से कतराने लगे हैं, क्योंकि इस वन क्षेत्र में काले पत्थर बहुत ज्यादा हैं, जिसके कारण गरम हवाओं का प्रभाव बहुत ज्यादा रहता है।





**सियादेवी मंदिर में दुकानें बंद-** सियादेवी मंदिर प्रांगण में लगने वाली अधिकांश दुकानें वर्तमान समय में गर्मी के कारण बंद नजर आ रही हैं। पर्यटक घूमने नहीं आ रहे हैं, जिसके कारण मंदिर परिसर वीरान नजर आ रही है। वहीं, मंदिर में पर्याप्त पर्यटक नहीं आने के कारण दुकानों का चलना बंद हो गया है, जिसके कारण दुकानदार दुकानों को बंद कर घरेलू कार्यों में व्यस्त हो गए हैं।

### पिस्टल से गोली चलाने वाला दमाद गिरफ्तार

**भिलाई।** परिवारिक विवाद के चलते दमाद ने बीते दिनों अपने ही ससुर को पिस्टल से गोली मारकर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि ससुर ओमप्रकाश को दामाद ने अपने साथी के साथ मिलकर पिस्टल से फायरिंग कर दिया था। घटना में ससुर को ऑख में टांके भी लगे ते। दमाद चन्द्रभूषण सिंह को ग्राम-मुरमुंदा स्थित फार्म हाउस से गिरफ्तार किया है। सूचना पर सुपेला टीआई राजेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी दमाद को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि ससुर पर गोली चला कर फरार होना स्वीकार किया।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब परिवहन करते दो कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** अवैध रूप से शराब परिवहन करते दो कोचियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को 3 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम समोदा बस स्टैंड तिराहा के पास बाइक सवार दो व्यक्ति शराब का परिवहन कर ले जा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जहां बाइक सवार करण बंजारे एवं ब्रह्मानंद अठावले निवासी ग्राम कुरुद को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 48 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त की, जिसकी कीमत 6240 रुपए है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### श्लोक बने महासचिव



**रायपुर।** कैलाशपुरी स्थित समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन में शनिवार को बैठक हुई। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से शहर के युवा समाजसेवी श्लोक शर्मा को सर्व ब्राह्मण युवा मंच का शहर महासचिव नियुक्त किया गया। इसी दौरान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने श्री शर्मा को नियुक्ति पत्र प्रदान कर बधाई दी। यह जानकारी समाज के जिला महासचिव धनंजय शर्मा ने देते हुए बताया कि बैठक में मनीष मिश्रा, सुमित शर्मा, मुकेश मिश्रा, अक्षय शर्मा सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

### पिस्टल से गोली चलाने वाला दमाद गिरफ्तार



**रायपुर/भिलाई।** भिलाई में परिवारिक विवाद के चलते दमाद ने बीते दिनों अपने ही ससुर को पिस्टल से गोली मारकर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि ससुर ओमप्रकाश को दामाद ने अपने साथी के साथ मिलकर पिस्टल से फायरिंग कर दिया था। घटना में ससुर को ऑख में टांके भी लगे ते। दमाद चन्द्रभूषण सिंह को ग्राम-मुरमुंदा स्थित फार्म हाउस से गिरफ्तार किया है। सूचना पर सुपेला टीआई राजेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी दमाद को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि ससुर पर गोली चला कर फरार होना स्वीकार किया। पिस्टल को प्रियदर्शनी परिसर सुपेला रेलवे लाइन के पास छिपाकर रखना स्वीकार किया।

### माइक्रो आब्जर्वरों को बारीकी से समझाया गया चुनाव कार्य

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव कराने के लिए माइक्रो आब्जर्वरों को शनिवार को अंतिम बार प्रशिक्षण दिया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामान्य प्रेक्षक रोहनचंद ठाकुर ने आब्जर्वरों को चुनाव कार्यों का बारीकी से प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में उन आब्जर्वरों को विशेष रूप से फोकस दिया, जो ऑनलाइन टेस्ट परीक्षा में फेल हुए थे। प्रेक्षक ने आब्जर्वरों को स्पष्ट कहा कि अगर चुनाव कार्य में कहीं समस्या आ रही है, तो वे मोबाइल पर उनसे संपर्क कर मार्गदर्शन ले सकते हैं। लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने तीन चरणों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। पहले दो चरण में दिए गए प्रशिक्षण के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों का ऑनलाइन टेस्ट परीक्षा ली गई थी।

# नए सर्वर से जुड़ेगा आरक्षण केंद्र, काउंटर टिकट बुकिंग में तकनीकी दिक्कत होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राजधानी के रेलवे आरक्षण केंद्र में लगभग 35 साल के बाद बुकिंग सिस्टम में बदलाव होने जा रहा है। वर्तमान में रेलवे कर्मचारी जिस कंप्यूटर सिस्टम से यात्रियों का टिकट बुक करते हैं, उसमें माउस का उपयोग नहीं किया जाता, केवल की-बोर्ड की मदद से टिकट बुक करते हैं। यह शुरुआत से चला आ रहा है। अब रेलवे बोर्ड इस सिस्टम में बदलाव करने जा रहा है, जिसमें रेलवे कर्मचारी टिकट बुकिंग के लिए की-बोर्ड के साथ माउस का भी उपयोग करते नजर आएंगे। इसके साथ रेलवे बोर्ड द्वारा अब नेक्स्ट जनरेशन पीआरएस सिस्टम तैयार कराया जा रहा है, जिसका ट्रायल शुरू कराया गया है।

बुकिंग क्लर्कों की ट्रेनिंग भी दिल्ली में कराई जा रही है। इस नए पीआरएस सिस्टम को वेबसाइट की तर्ज पर तैयार कराया गया है, जिसमें टिकट आरक्षित करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम क्रिस द्वारा तैयार किए गए नए सिस्टम में आरक्षण से लेकर टिकट रद्द करने, टिकट में बदलाव करने के अलग-अलग विकल्प मौजूद रहेंगे। इस नए सिस्टम को आगामी अगस्त से लागू करने की तैयारी की जा रही है।

## आरक्षण केंद्र में की-बोर्ड के साथ अब माउस का भी होगा इस्तेमाल

### सीधे दिल्ली से रहेगा कनेक्शन

इस नए सिस्टम का कनेक्शन सीधे दिल्ली स्थित क्रिस के सर्वर से रहेगा। अभी जो कंप्यूटर लगे हुए हैं, उनका कनेक्शन रेलवे के सिग्नलिंग एंड टेलीकम्यूनिकेशन, एसएंडटी विभाग में लगे सर्वर से रहता है। कई बार जब इस सर्वर में खराबी आ जाती है, तो स्थानीय स्तर पर आरक्षण का काम ठप हो जाता है। यह नया सिस्टम सीधे दिल्ली से जुड़ा होगा। ऐसे में स्थानीय स्तर पर कोई तकनीकी खराबी के कारण काम बाधित नहीं होगा। दिल्ली में यदि सर्वर में कोई समस्या होती है, तभी आरक्षण का काम रुकेगा।




**नए सिस्टम से होगा काम**

रेलवे अब आरक्षण कार्य के लिए नेक्स्ट जनरेशन पीआरएस सिस्टम तैयार कर रहा है। सर्वर बढ़ाया जा रहा है। नए सर्वर से काम में तेजी आएगी और यात्रियों को भी इसका लाभ होगा। - ***विकास कश्यप,*** *सीपीआरओ, दपूमरे*

### काउंटरों से न लौटें इसलिए नया सिस्टम

नया सिस्टम लाने के पीछे मुख्य कारण यह भी है, रेलवे नहीं चाहता कि काउंटर से बिना टिकट खरीदे यात्री लौटें। कई बार इंटरनेट की गति धीमी होने की स्थिति में टिकट बुकिंग में दिक्कत आती है। इसीलिए कई यात्री आरक्षण केंद्र टिकट खरीदने पहुंचते हैं। रेलवे का प्रयास था कि टिकट बुकिंग को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया जाए, ताकि लोग घर बैठे ही टिकट बुकिंग कर सकें। आईआरसीटीसी के मोबाइल एप और वेबसाइट के जरिए इसमें काफी हद तक सफलता भी मिली है।

## नगर निगम ने केंद्र को भेजा प्रस्ताव

# कचरे से बनेगी बिजली, आठ मेगावाट का प्लांट डालने रामकी कंपनी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर के साथ भिलाई, दुर्ग, रिसाली से निकलने वाले कचरे की होगी खपत

शहर से निकलने वाले 550 मीट्रिक टन कूड़ा करकट और भिलाई, दुर्ग, रिसाली से निकलने वाले सूखे कचरे को इकट्ठा कर इससे बिजली बनाई जायेगी। इसके लिए निगम से अनुबंधित रामकी कंपनी तैयार है। 8 मेगावाट के बिजली प्लांट लगाने नगर निगम ने केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। चुनाव के बाद केन्द्र सरकार से इसकी मंजूरी मिलते ही प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा।

दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद जैसे मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी रायपुर में अब कचरे से बिजली बनाने की तैयारी है। इसके लिए 8 मेगावाट का बिजली प्लांट संकरी में लगाया जायेगा। रामकी कंपनी इस प्रोजेक्ट में 350 करोड़ रुपए प्लांट लगाने के लिए निवेश करेगी। पावर प्लांट को नियमित रूप से संचालित करने रोजाना 800 मीट्रिक ट्रन सूखा कचरा की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों से निकलने वाले 550 मीट्रिक टन कूड़ा करकट के साथ दुर्ग, भिलाई और रिसाली से कचरा कलेक्ट कर प्लांट संचालित किया जायेग। सिटी एच 2 के इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने पर रायपुर नगर निगम को केन्द्र सरकार से 60 करोड़ रुपये का ग्रांट मिलेगा। इस राशि का उपयोग नगर निगम संबंधित प्रोजेक्ट में करेगा।



### रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर होगा काम

शहर से निकलने वाले कचरे से बिजली बनाने की योजना में रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर काम होगा। निगम से अनुबंधित रामकी कंपनी प्रोजेक्ट में 8 मेगावाट का पावर प्लांट लगाने 350 करोड़ रुपए खर्च करेगी। कचरे से बनने वाली बिजली को पावर ग्रिड में डाला जायेगा। इस बिजली को बेचने से जो आमदनी होगी, उसमें रामकी कंपनी, नगर निगम और राज्य शासन को भी एक निश्चित राशि अनुबंध के हिसाब से मिलेगी।

### हैदराबाद में 24 मेगावाट का प्लांट, दिल्ली में भी कचरे से बना रहे बिजली

रामकी कंपनी के सिटी हेड योगेश कुमार ने हरिभूमि से चर्चा में बताया, हैदराबाद में सूखे कचरे से बिजली बनाने 24 मेगावाट का प्लांट लगाया गया है। इसी तरह दिल्ली में कचरे से बिजली बनाई जा रही है, वहां भी रामकी ने 24 मेगावाट का बिजली प्लांट लगाया है। मुंबई महानगर पालिका निगम क्षेत्र में भी 100 मेगावाट का प्लांट लगाकर कचरे से बिजली बनाने का काम सफलता पूर्वक हो रहा है। अब रायपुर में 8 मेगावाट का प्लांट लगाने प्रस्ताव बनाकर केन्द्र शासन के पास भेजा गया है। प्लान एप्रूव होते ही रायपुर से लगे दूसरे नगर निगमों से कचरा खरीदने चर्चा कर करेंगे।

**प्रपोजल भेजा है, चुनाव के बाद मिल सकती है मंजूरी**

सिटी एच 2 का प्रपोजल हमने केन्द्र सरकार को जनवरी 2024 में ही सबमिट कर दिया है, लोकसभा चुनाव के बाद प्रपोजल के मंजूरी की उम्मीद है।
- ***योगेश कट्टू,*** *सहायक नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन रायपुर*

# वैक्सीन साइड इफेक्ट के हल्ला से पैनिक चेस्ट पेन, ईसीजी करवाने मच रही होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विशेषज्ञ कह चुके घबराने की नहीं है जरूरत, लोग मान नहीं रहे

कोरोना वैक्सीन की वजह से हार्ट अटैक अथवा ब्रेन हेमरेज का हल्ला मचने के बाद लोगों के सीने में जबरिया दर्द उठने लगा है। खुद को असहज महसूस करने का हवाला देकर डाक्टरों से ईसीजी करवाने वालों की होड़ लग गई है। ओपीडी के साथ ऑन कॉल सलाह लेकर लोग अपनी जांच करवा रहे हैं।

कोविशिल्ड प्रकरण में देश के साथ प्रदेश के विशेषज्ञ भी यह स्वीकार चुके हैं, घटना काफी दुर्लभ थी और इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। राज्य में इस कंपनी के करीब चार करोड़ टीके लगाए थे, मगर चिंता करने जैसी एक भी शिकायत यहां सामने नहीं है। इसके बाद भी लोगों की घबराहट कम होने का नाम नहीं ले रही है। पिछले एक सप्ताह से सीने में दर्द अथवा घबराहट की शिकायत लेकर निजी अस्पतालों के ओपीडी में काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। चिकित्सक इसे सामान्य वजह बता रहे हैं, इसके बाद भी लोग ईसीजी जांच कराने के लिए आतुर होते जा रहे हैं। सड्डू में क्लीनिक चलाने वाले एक डाक्टर ने बताया कि रोजाना ओपीडी में चार से पांच मरीज दर्द अथवा चक्कर आने की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं और किसी तरह की बड़ी बीमारी के डर से ईसीजी अथवा अन्य टेस्ट करवाने की सलाह मांग रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि ओपीडी के साथ ऑन कॉल भी लोग ईसीजी टेस्ट की अनुशंसा करने का दबाव बना रहे हैं।



### निजी अस्पतालों में भीड़

सरकारी अस्पतालों में इसका असर कम देखने को मिल रहा है, मगर निजी अस्पतालों में जाकर ईसीजी करवाने वालों की संख्या बीस से तीस प्रतिशत तक बढ़ गई है। टेस्ट के दौरान रिपोर्ट नार्मल आने पर लोग सहजता महसूस कर रहे हैं। पिछले दिनों ब्रिटेन में लगाई गई याचिका के दौरान वैक्सीन कंपनी द्वारा साइड इफेक्ट पर सहमति देने के बाद हड़कंप मच गया था।

### कोई दिक्कत नहीं

वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर चर्चा के दौरान कोविड काल में वैक्सीन टीकाकरण अभियान की जिम्मेदारी संभालने वाले पूर्व नोडल अफसर डॉ. अमर सिंह ठाकुर ने कहा कि वैक्सीन में अगर किसी तरह का साइड इफेक्ट होता, तो उसी दौरान नजर आता। एकाध मामले के आधार पर बड़ी आबादी को लेकर किसी तरह का अनुमान लगाना ठीक नहीं होता है।

### मतदान के लिए प्रेरित करने ली शपथ

**रायपुर।** नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा के 40 दिवसीय समर कैंप में बड़ी संख्या में उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों को 7 मई को मतदान मे भाग लेने के लिए परिवार, रिश्तेदारों और आस-पड़ोस को प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई गई। यह शपथ आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक श्री किन्हेंकर द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर लेखक किरण अवस्थी, शाला प्रमुख केएम अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. ममता पांडे, उपप्राचार्य सुनीता राय कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक भी उपस्थित थे।

# एक डिग्री की उछाल के साथ 42.5 डिग्री पारा, गर्मी और झुलसाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मतदान दिवस पर पानी की बोतल साथ रखने का सुझाव

चौबीस घंटे में एक डिग्री की उछाल के साथ रायपुर का तापमान 42.5 डिग्री तक पहुंचने की वजह से गर्मी तेज हो गई है। अगले दो दिन तक पारा चढ़ने के साथ गर्मी और बढ़ने की संभावना है। इसके बाद कुछ इलाकों में होने वाली बूंदाबांदी और छाने वाले बादल के प्रभाव से कुछ दिन राहत रहेगी, इसके बाद पारा फिर तेजी से ऊपर की ओर चढ़ता चला जाएगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने मई के पहले सप्ताह में गर्मी बढ़ने की संभावना जताई थी। तापमान में इसका असर दिखने लगा है। शुक्रवार की तुलना में शनिवार को प्रदेश के तापमान में एक से डेढ़ डिग्री तक की वृद्धि हुई है। मौसम वैज्ञानिक गायत्री कांची भोथला ने बताया कि 6 मई तक राज्य के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। खासकर रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के जिलों में पारा 42 से 44 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं, इससे गर्म हवा के थपेड़े लोगों को झुलसा सकते हैं। 6 मई के बाद सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के कुछ स्थानों खासकर बस्तर और मध्यक्षेत्र में 7 मई की शाम मेघ गर्जन होने के साथ तेज हवा और हल्की वर्षा हो सकती है।



### मतदान के दिन 44 के आसपास पारा

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि 7 मई को मध्य इलाके में अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। तेज गर्मी की वजह से इस दिन मतदाताओं के लिए मौसम विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। बुजुर्ग मतदाताओं को सुबह 10 या शाम 4 बजे के बाद मतदान करने जाएं। मतदान केंद्रों में भीड़ को देखते हुए हुए तरह ठंडे पेय का सेवन कर वहां पहुंचने कहा गया है। मतदान केंद्रों में लाइन लगने के दौरान बोतल में पानी रखने और लगातार सेवन करने की सलाह दी गई है।

# मरीन ड्राइव में ट्रॉय ट्रेन का क्रेज इंजन के साथ 3 डिब्बों वाली ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बिना पटरी के टायर लगे पहियों पर तेलीबांधा तालाब का लगा रही फेरा

राजधानी के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर इन दिनों ट्रॉय ट्रेन का क्रेज बढ़ा है। इंजन के साथ 3 आकर्षक डिब्बों वाली यह ट्रेन पटरी पर नहीं, बल्कि फुटपाथ पर टायर लगे पहिये पर फर्राटे भरती नजर आ रही है। एक बार में 30 बच्चे इसकी सवारी का आनंद उठा सकते हैं। समर वेकेशन को ध्यान में रखकर स्प्री वॉक की ओर से इसका संचालन कराया जा रहा है। नगर निगम द्वारा अनुबंधित ईसीएचटी कंपनी द्वारा तेलीबांधा सरोवर एरिया में 4 अलग-अलग जोन विकसित कर



शहरवासियों को रिक्रियेशन जोन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें फूडजोन, योग जोन, फ्रीडम फाइटर वॉल, बच्चों के लिए सुंदर बगीचा विकसित किया गया है। इसके साथ सेल्फी पाइंट भी आगंतुकों के लिए बनाये गये हैं। हाल ही में बच्चों के मनोरंजन और सैरसपाटे के लिए ट्रॉय टेन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्प्री वॉक केजीएम कौशलेन्द्र कांत ने बताया, ट्रॉय ट्रेन बच्चों को तालाब के चारों ओर की सैर कराती है। सप्ताह के अंतिम दिनों में इसमें सबसे ज्यादा भीड़ रहती है। सामान्य दिनों में यह ट्रेन तालाब का चक्कर लगाते हुये 8 फेरा पूरी करती है।

# निजी स्कूल नहीं लगाएं गद्दा-तकिया खबर के बाद हरकत में जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

निजी स्कूलों को अब चुनाव में गद्दे-तकिए नहीं लगाने होंगे और ना ही उन्हें किसी तरह के जलपान की व्यवस्था करानी होगी। हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन ने निजी स्कूलों को इसका आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि 7 मई को रायपुर में होने जा रहे मतदान के लिए निजी स्कूलों में भी पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा इन स्कूलों को संदेश भेजकर कहा गया था कि वे मतदान कर्मियों के लिए गद्दे-तकिया सहित कूलर और जलपान की व्यवस्था करें। छोटे निजी स्कूलों ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इसे लेकर असंतोष व्यक्त किया था।

अब इन स्कूलों में पोलिंग बूथ तो बनाए जाएंगे, लेकिन किसी तरह की अन्य व्यवस्था शाला प्रबंधन द्वारा नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन ही मतदाताओं के लिए पेयजल सहित मतदान कराने आए अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पूरी व्यवस्था करेगा। जिला प्रशासन द्वारा निजी स्कूलों को इसके लिए आश्वस्त किया गया है। इसके बाद प्राइवेट स्कूलों ने राहत की सांस ली है।

**आश्वासन मिला है**

हमें प्रशासन की ओर से आश्वासन मिला है कि किसी तरह की अन्य व्यवस्थाएं हमें नहीं करनी होगी। प्रशासन ही पूरी व्यवस्था करेगा।
- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन

# भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की अब तक 18 सभाएं, कांग्रेस की सिर्फ छह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की डेढ़ दर्जन से ज्यादा हो चुकी हैं सभाएं

लोकसभा चुनाव में प्रचार के मामले में भाजपा पूरी तरह से भारी रही है। तीसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार रविवार को थम जाएगा। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बीते एक माह से ज्यादा समय से सांस-सांय सभाएं हुई हैं। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा सभाएं हुई हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की महज आधा दर्जन सभाएं ही हो सकी हैं। वैसे तीसरे चरण में कांग्रेस ने भी पूरी ताकत झोंकी और राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी कई सभाएं हुईं।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव तीन चरणों में हो रहे हैं। दो चरणों के चुनाव हो गए हैं। अब तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को होना है। अंतिम चरण के चुनाव में प्रचार रविवार को थम जाएगा। इसके पहले भाजपा और कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने पर काम किया। सभाओं के मामले में भाजपा पूरी तरह से भारी रही है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में भाजपा के ज्यादा राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं हुईं।



### कांग्रेस की सभाएं

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रचारकों में जहां राहुल गांधी की दो सभाएं हुईं, वहीं सबसे ज्यादा तीन सभाएं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की हुई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की एक सभा हुई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की एक दर्जन सभाएं हुई हैं। प्रदेश के नेताओं में प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज की करीब दो दर्जन, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की राजनांदगांव के अलावा अन्य लोकसभाओं में डेढ़ दर्जन सभाएं हुईं हैं।

### साय की सभाएं सांय-सांय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाएं ही सांय-सांय हुई हैं। प्रदेश भाजपा संगठन ने उनकी हर विधानसभा में सभाएं कराने की रणनीति बनाई, सभी में तो सभाएं नहीं हो सकीं, लेकिन करीब 70 विधानसभाओं में उनकी सभाएं जरूर हुई है। पहले चरण के चुनाव में बस्तर से प्रारंभ हुई श्री साय की सभाएं लगातार चल रही हैं। दूसरे चरण की लोकसभाओं के साथ ही तीसरे चरण के लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं में लगातार सभाएं हो रही हैं। 5 मई को चुनाव प्रचार थमने से पहले उनकी कुछ सभाएं और होंगी।

# मतदान दल कल होंगे रवाना, सुरक्षा बलों की 202 कंपनियां तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। 15 हजार से अधिक मतदान केंद्रों में होने वाले मतदान के लिए 6 मई को मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। प्रदेश में शांति पूर्ण चुनाव कराने के लिए सीएएफ की 202 कंपनियों को तैनात किया गया है। इसमें सीआरपीएफ, आईटीबीपी जैसे अन्य सुरक्षाबल के जवान तैनात किए गए हैं। साथ ही जिला पुलिस बल के जवान भी तैनात किया जाएंगे। सात लोकसभा सीटों के लिए 1 करोड़ 39 लाख से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। इस चरण में 18-19 वर्ष के 3 लाख 98 हजार युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## पेज 9 के शेष...

### जंगलों में तड़के....

से 7 घंटे के बीच वे पगडंडियों के सहारे रास्ता बनाकर अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि कई किलोमीटर तक जंगल के अंदर नए नए रास्ता ढूंढना और जंगल से वापस भी निकलना चुनौती भरा रहता है। वह भी ऐसे समय में जब भालुओं की मौजूदगी हो।

**खतरा तो है, जोखिम उठाकर तोड़ते हैं पत्ता-** 55 वर्षीया कलीन बाई ने कहा कि वर्षों से इसी तरह जान जोखिम में डालकर तेंदुपत्ता तोड़ाई करती आ रही हूं। जानवरों से डर तो बहुत लगता है, लेकिन जोखिम तो उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भगवान ने जो लिखा है वही होगा, लेकिन सावधान रहना बहुत जरूरी है, ताकि ऐसे हमलों से बचा जा सके। धारदार टंगिया पकड़े भूपेंद्र ने कहा कि जंगल में सब अलग-अलग होकर तेंदूपत्ता तोड़ते हैं, लेकिन आसपास ही रहते हैं। ऐसे में अगर भालू या अन्य जानवर आसपास रहता है, तो उसे डराने के लिए टँगिया रखे रहते हैं। पार्वती नाम की महिला ने कहा कि सुबह बासी लेकर घनघोर जंगल में पहुंचते हैं और जंगल में ही खाते हैं। भालू या जंगली सूअर से सावधानी बरतने की कोशिश करते हैं।

### बोरी के पास मंडरा...

तितुरगहन के पास फेंका गया होगा। मामले में पुलिस की कार्यशैली से ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। पुलिस प्रशासन मामले में ग्रामीणों को फोटो लेने व मीडिया तक बात पहुंचाने से मना कर रही थी। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक ग्रामीण देखेंगे नहीं, फोटो वायरल नहीं करेंगे तो उसकी पहचान कैसे होगी। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने ही लड़की को देखकर उसकी पहचान की। बताते हैं कि लड़की गुरूर स्थित एक रेस्टोरेट में भी कार्य कर चुकी है। मामले में पुलिस द्वारा उसके पति के मोबाईल को जब्त करने की बात सामने आई है। मामले में डाग स्क्वाड, फारेंसिक विशेषज्ञ की टीम भी कार्य कर रही है। बताते हैं कि अब तक पुलिस को कोई पुख्ता सुराग नहीं मिला है। पुलिस पड़ताल जारी है।

### सामूहिक दुष्कर्म के...

नहीं होने के संबंध में न्यायालय में सबूत व गवाह पेश किया। बताया गया कि आरोपी गांव से 70 किलोमीटर दूर रोजी मजदूरी करने गया था। इस संबंध में उसके मजदूर साथियों का कोर्ट ने बयान लिया। बयान के बाद विद्वान न्यायाधीश फास्ट कोर्ट द्वारा आरोपियों को दोष मुक्त करने का निर्णय पारित किया गया।

### बच्चों को कराई...

के इतिहास एवं भौगोलिक वातावरण संबंधी ज्ञान नियमित दे रहे हैं, सचिव राजेंद्र साहू ने कहा कि निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से बच्चों को अपने सफलतम लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होगी। ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे बच्चों के लिए इस कोचिंग के माध्यम से बच्चों को प्रेरित करते हुए अपनी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत के साथ लगनशील होकर शिक्षा ग्रहण करें ताकि पूरा साहू समाज आप लोगों पर गर्व कर सकें कोचिंग की शुरुआत 69 बच्चों से होकर आज 96 पंजीकृत बच्चे नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### शत-प्रतिशत मतदान के लिए पेन्टिंग

**भिलाई।** शत प्रतिशत मतदान को प्रेरित करने के लिए प्रसिद्ध मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी ने नयनाभिराम पेन्टिंग का निर्माण किया है। इस माध्यम से उन्होंने प्रदर्शित किया है कि देश के विकास, अच्छे सरकार और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए वोट जरूर दें। पेन्टिंग में उन्होंने मतदाता को ही प्रजातंत्र की सबसे बहुमूल्य कड़ी बताया है जिसके उंगली पर संसद भवन टिका हुआ है।

### 12 पहचान पत्रों से कर सकेंगे मतदान

**दुर्ग ।** मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्डए ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया, फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक निःशक्तता पहचान पत्र यूडीआईडी के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

### छबिगृह प्रबंधकों ने भी दिए ऑफर

**दुर्ग ।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विविध पहल किये जा रहे हैं। मतदान के प्रति लोगों का रूझान बढ़ाने निजी चिकित्सालयों, व्यापारिक वर्गों सहित विभिन्न संस्थानों द्वारा छूट देने का एलान की गई है। इसी कड़ी में नगर के छबिगृह संचालक भी जुड़ने जा रहे हैं। उन्होंने भी मतदान करने वालों के लिए आकर्षक ऑफर दिये है। आबकारी विभाग से

---

हेमचंद विश्वविद्यालय में विद्यार्थी जमा कर सकते हैं फार्म

# छत्तीसगढ़ी कविता, कहानी और पेंटिंग स्पर्धा में मिलेंगे विजेताओं को पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा विष्वविद्यालय में स्थापित आचार्य, नरेन्द्र देव वर्मा शोधपीठ के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी कविता, छत्तीसगढ़ी लघु कहानी एवं छत्तीसगढ़ के दर्शनीय स्थल पर आधारित अखिल भारतीय पेन्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें भारत का कोई भी नागरिक, महाविद्यालय, विष्वविद्यालय, स्कूल के 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी हिस्सा ले सकता है तथा उम्र की भी कोई अधिकतम सीमा नहीं है। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा को सम्मान प्रदान करने तथा उसे आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह अखिल भारतीय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

श्रीवास्तव ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप की उपस्थिति में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार छत्तीसगढ़ी कविता, छत्तीसगढ़ी कहानी एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता में तीनों वर्गों में 5–5 नकद पुरस्कार दिये जायेंगे। कुल 15 पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

### मौलिक व स्वरचित रचना जरूरी

तीनों ही प्रतियोगिताओं हेतु प्रतिभागियों को मौलिक स्वरचित रचना/पेन्टिंग ही विश्वविद्यालय के ईमेल पर 10 जून 2024 तक कम्प्यूटर पर टाईप कराकर भेजनी होगी। स्वनिर्मित पेंटिंग का आकार फीट का होगा। पेटिंग की हार्ड एवं सॉफ्ट दोनों कॉपी विष्वविद्यालय में कक्ष क्रमांक 5 में 10 जून तक कक्ष में जमा करना अनिवार्य होगा। सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि की मौलिकता एवं स्वनिर्मित होने का प्रमाण पत्र भी जमा करना अनिवार्य होगा। हस्तलिखित प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जायेंगी।




### इस तरह करें ऑनलाइन आवेदन

छत्तीसगढ़ी कहानी एवं कविता कम्प्यूटर पर टाईप की हुई कृतिदेव फॉन्ट साईज 16 में जमा करना होगा। छत्तीसगढ़ी मौलिक कविता न्यूनतम 4 तथा अधिकतम 6 छंद होना चाहिये। इससे भिन्न होने पर प्रविष्टि निरस्त कर दी जायेगी। छत्तीसगढ़ी स्वरचित कहानी प्रतियोगिता में प्रतिभागी अधिकतम एक हजार शब्द अथवा चार ए–4 साइज पेज की 4 पृष्ठ में रचना भेज सकता है। इससे अधिक होने पर प्रविष्टि अस्वीकार कर दी जायेगी। पेंटिंग बनाने हेतु किसी भी माध्यम का उपयोग किया जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ी भाषा को आगे बढ़ाना मूल मकसद

प्रतियोगिता के नियमानुसार छत्तीसगढ़ी कविता एवं कहानी में किसी भी व्यक्ति विषेष, राजनीतिक दल, सम्प्रदाय, धर्म, संस्थान पर कोई भी टिप्पणी का समावेश नहीं होना चाहिए। पूर्ण रूप से स्वस्थ, सामाजिक समरसता, सौहार्द्र स्थापित कराने तथा छत्तीसगढ़ी भाषा को आगे बढ़ाना इस प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य है। प्रतिभागी अपना सम्पूर्ण विवरण जैसे –नाम, पता, मोबाईल नंबर, कार्यरत संस्था का नाम आदि की जानकारी प्रविष्टि में उल्लेख करना अनिवार्य है। जानकारी अप्राप्त होने की स्थिति में प्रविष्टि अस्वीकार कर दी जायेगी। प्रतियोगिता का निर्णय कुलपति द्वारा गठित उच्च स्तरीय निर्णायक समिति द्वारा किया जायेगा। किसी भी विवाद की स्थिति में कुलपति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

---

## शहर के प्रतिष्ठित डॉ. दीपक अपने टीम के साथ हुए भाजपा में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा भिलाई के तत्वावधान में चिकित्सा सम्मेलन एवं मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम स्पर्श मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल भिलाई के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व लोकसभा दुर्ग के सह प्रभारी राजीव अग्रवाल की मौजूदगी में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉक्टर दीपक वर्मा की टीम ने भाजपा प्रवेश किया। चिकित्सक डॉ. अंकुर परगनिया, डॉ. अखिल, हेमंत, सत्यम पटेल, राकेश निमजे, अरविंद दुबे, लोचन साहू, छोटेलाल, मनोज सिंह, रीना प्रसाद व अन्य 300 से अधिक लोगों को भाजपा में प्रवेश करवाया । डॉ. दीपक वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर सभी ने एक बार फिर मोदी सरकार बनावाने का संकल्प लिया हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा भिलाई के जिला अध्यक्ष महेश

■ प्रदेशाध्यक्ष व लोस दुर्ग के सहप्रभारी की मौजूदगी में लिया सदस्यता

वर्मा, नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा , स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश संयोजक शम्भू गुप्ता, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल नायक, डॉ. आदर्श त्रिवेदी, डॉ.गणेश पंडा, डॉ. दीप चटर्जी, डॉ. राहुल गुलाटी, डॉ. सुधीर गांगेय, डॉ. सुधीर हिषीकर, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. समीर कठाले, डॉ. ए के खरे, संतोष सोनी व अन्य

## स्थानीय पंजाबी कलाकारों को मंच देगी एसोसिएशन और पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई में छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई-दुर्ग एवं पंजाबी सांस्कृतिक एवं वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से इस वर्ष का वैशाखी उत्सव कार्यक्रम 8 मई को शाम 7

■ सिख पंचायत व पंजाबी सांस्कृतिक व वेलफेयर एसोसिएशन का आयोजन

से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय पंजाबी कलाकारों को बढ़ावा देना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। सिक्ख समाज की नौजवान पीढ़ी को अपने समाज के रीति रिवाज और कल्चर से जोड़े रखना है। इस सामाजिक प्रोग्राम को लेकर दुर्ग-भिलाई के



सिक्ख समाज के लोग काफी उत्साहित है क्योंकि सामाजिक तौर पर सभ्याचार का प्रोग्राम साल में दुर्ग-भिलाई में एक बार ही किया जाता है। जिसमें लगभग 1200 से अधिक लोग पहुँचगे। छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत एवं पंजाबी सांस्कृतिक एवं वेलफेयर एसोसियशन द्वारा भविष्य में युवाओं के लिए स्कूली शिक्षा एवं खेलकूद के संदर्भ में अनेक आयोजन किए जाने है। वैशाखी के इस भव्य प्रोग्राम में भोजन व्यवस्था का विशेष रूप से आयोजन किया गया है।

पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत के गुरुमीत सिंह गांधी, पलविन्दर सिंह रंधावा, हरपाल सिंह, स्वर्ण सिंह, बलदेव सिंह, एवं पंजाबी सांस्कृतिक एवं वेलफेयर एसोसियशन के सीएस बाजवा, तरसेम सिंह ढिल्लन, पीएस बिन्द्रा, जसविन्दर सिंह, एवं अन्य मेम्बर उपस्थित थे।

### मतदाताओं को न्यौता

**दुर्ग ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक और अभिनव पहल की गई है। मतदान फीसदी बढ़ाने के उद्धेश्य से पंचायत सचिव, बीएलओ एवं युवोदय दुर्ग के दूत स्वयंसेवकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी बोली में आमंत्रण पत्र वितरित किये जा रहे है।

## मतदाता जागरूकता व सह सेल्फी का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दि आईसीएफएआई विवि, द्वारा मतदाता जागरूकता सह सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं पहली बार मतदान कर रहे मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसपी दुबे द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को चुनावी साक्षरता बढ़ाने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। मतदान के प्रति मतदाताओं खासतौर पर दिव्यांग, युवा व महिलाओं के बारे में चर्चा किया गया।

## भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने की लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील

**भिलाई।** भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व सांसद विजय बघेल के पक्ष में संपूर्ण बाजार क्षेत्र में प्रचार सामग्रियों का वितरण कर व्यापारियों से उनके परिवार के सदस्यों , कर्मचारियों से अपील की और उनके पक्ष में मतदान कर देश में सशक्त सरकार की स्थापना में मदद करें । स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने के इस आव्हान में ज्ञानचंद जैन, दिनेश सिंघल, रामकिसन मुंदडा, रामकुमार गुप्ता, भागचंद जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल, सुरेश रतनानी,वेद प्रकाश गुप्ता पीयूष तातेड जैन,श्रीकांत खेड़िया, कृष्ण कटारिया, अजय कनौजिया, देवेंद्र जैन , सतीश बंछोर,अमर सोनकर,सत्येंद्र गुप्ता, संतोष जायसवाल,श्रीकांत उपाध्याय, प्रदीप बाकलीवाल, विजय भिते,शेखर संगेवार , रमेश उपाध्याय सहित अनेक व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में जनसंपर्क कर व्यापारियों के मध्य प्रचार प्रसार में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है।

---

ग्राम निकुम में किया जनसंपर्क व सभा

# भाजपा सरकार सायं-सायं बंद कर रही सारी जनहित योजनाएं : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग ग्रामीण विस ग्राम निकुम में शनिवार की दोपहरी में तपती गर्मी में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के जीत के लिए निकुम पहुंचे। पूर्व सीएम बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कि भाजपा जो 400 पार का नारा लगा रही है। वह अपने अंहकारी नीति व सत्ता में चूर मतवाले हाथी तरह है। संविधान और आरक्षण बंदलने की मंशा बना रही है। भाजपा सरकार लबरा सरकार है, सत्ता में आते ही महगांई का ग्राफ बढ़ते जा रहा है। सिलेण्डर, राशन , मोटरसाइकिल, पेट्रोल, डीजल ,सोना-चांदी मंहगा सब साय-साय हो रहा है। अब तो स्कूल और कॉलेज ,प्रतियोगिता परीक्षा में फीस लेकर गरीब व प्रतिभावान छात्राओं आर्थिक क्षति होगी। कांग्रेस सरकार के कई जीवनदायिनी योजना गौठान,रीपा ,कम्पोस्ट खाद योजना पर तो ताला ही लगा दिया है। गोबर खरीदी बंद कर दी,पूरे देश व प्रदेश में केन्द्रीय जांच एजेंसिया का दबाव बनाकर दल-बदल का खेल-खेल रही है। मंहगाई से पूरा देश हाहाकर है। कांग्रेस के प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को जिताये।



### सुरसा नीति अपना रही है भाजपाः ताम्रध्वज

सत्ता में आते ही भाजपा सुरसा नीति पर कार्य कर रही है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में 200 करोड़ के विकास कार्य का भूमिपूजन मंडी बोर्ड विकास कार्य से होना है। लेकिन उसको भी छीनकर ले गये, और डकार तक नहीं मारी ,बेबस जनता विधवा विलाप करने मजबूर है। भाजपा प्रत्याशी सांसद को बीते पांच वर्ष में अपने क्षेत्र में आने की फुर्सत तक नहीं है। निकुम में 5 वर्ष में कदम नहीं पड़ा ,जिससें जनता में काफी रोष है। वहीं प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने कहा कि नारी न्याय योजना से गरीब महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख, किसानों का कर्जा माफ ,मनरेगा मजदूरों को 400 रुपये राशि मिलेगी। इस आयोजन में जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ,वरिष्ठ कांग्रेसी तारा शर्मा ,नंद कुमार साहू, जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख ,बंटी हरमुख ,मुरली देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन रहे वही प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगा।

---

## अंचल-शहर की खबरे

### शौर्य ने 98.6% लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया



**अंडा।** निजी स्कूल कुथरेल का परिणाम शत-प्रतिशत परिणाम आया है। इस परिणाम में ग्राम अंडा के छात्र शौर्य साहू ने कक्षा केजी 2 में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके इस उपलब्धि पर शिक्षिका इन्दु चंद्राकर, जामिनी साहू, दीपिका यादव, मेनिका सेन, डाली चंद्राकर, गुलेश्वरी निर्मलकर, सुभद्रा निर्मलकर, दिव्या सेन एवं प्रधानाचार्य देव ने शुभकामनाएं दी है। छात्र शौर्य साहू ग्राम अंडा निवासी पत्रकार राजेन्द्र साहू के पुत्र है।

### पालिका में हुआ मतदाता जागरूक कार्यक्रम




**कुम्हारी।** लोकसभा चुनाव के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र के लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से बाइक रैली का आयोजन किया गया । जिसमें कार्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा बढ चढ़कर हिस्सा लिया गया। रैली के अंत में मतदान की शपथ भी दिलाई गयी। रैली में राकेश साहू, शरद कुमार सिंह, हरि किशन पावरिया, संजय आइच, अविनाश देवांगन, सपना यादव, सुधा वर्मा, अल्का, दीप्ति, संजू , संगीता, अनिल, नीलीश, लल्ली, रवि, मोनिका, तेजेंद्र, नीतिन, केशव आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बडे तरिया में दीपोत्सव मना कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।

### प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधओं का किया मूल्यांकन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसमडा में अनुज शर्मा (राजस्थान) एवं आश मोहम्मद (लखनऊ) के द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आशवासन मानक कार्यक्रम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रसमडा के समस्त स्वाथ्य सुविधाओं का मुल्यांकन किया गया। जिसमें समस्त विभाग जिसमें अस्पताल में संचालित समस्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मापदंडों हाटबाजार, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम मितानीन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा अस्पताल रख रखाव व साफ सुफाई बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट क्वालिटी स्टैंर्ड का विभागवार गहन समीक्षा एवं दस्तावेज परीक्षण किया गया। अस्पताल के कार्यों एवं समस्त स्टॉफ के कार्यों की टीम के द्वारा सराहना किया गया। मूल्यांकन में डॉ. आशीष शर्मा खण्ड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. डीके बेलचदन खण्ड चिकित्सा अधिकारी निकुम, रासिद खान वरिष्ठ कार्यकम अधिकारी जपाईगो से एवं जिला टीम में डॉ रश्मिी भोसले आरएमएनसी एच कंसलटेंट एवं कविता चन्द्राकर डिविजिनल कंसल्टेंट क्वालिटी एश्योरेंस तथा डॉ. नेहा राजपुत डीईआईसी मैनेजर शोभिका गजपाल जिला सलाहकार एवं प्रीतिका पवार बलबीर सिंह राजपुत दुर्गेश सिंग एवं राजेन्द्र वर्मा विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक व अस्पताल प्रभारी तारेन्द्र देशमुख एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

### बाइक रैली के माध्यम से किया जनसंपर्क

**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने व विजय बघेल को पुनः सांसद बनाने के लिए शनिवार को दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र रिसाली मंडल अंतर्गत तालपुरी ए ब्लाक क्लब हाउस से बाईक रैली प्रारंभ होकर जौहार चौंक रिसाली में समापन हुआ। चुनावी अभियान जोर-शोर से चल रहा है। लगातार नुक्कड़ नाटक डोर टू डोर सर्वे जनसभाएं चल रही है। महाजनसम्पर्क अभियान के तहत इसी कड़ी में विशाल बाइक रैली का आयोजन रिसाली मंडल अंतर्गत ग्राम तालपुरी ब्लाक ए शाम क्लब हाउस से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्ग रूआबांधा बस्ती, रूआबांधा सेक्टर, रिसाली सेक्टर, मरोदा सेक्टर ,टंकी मरोदा पाटन रोड,नेवई, नेवई भाटा, स्टेशन मरोदा वार्ड-17 टंकी मरोदा दुर्गा चौक, ,रिसाली गांव, आजाद मार्केट भिलाई मसालाउद्योग, प्रगति नगर, मैत्री कूंज, माया नगर जयश्रीराम के नारों के साथ अबकी बार 400 पार के नारे लगाए गए।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### भोजन की तलाश में ग्रामों में पहुंचे ऊंट

**बेमेतरा।** अंचल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गढ़रियों की टोलियों के साथ ही ऊंटों का झुंड नजर आ रहा है। ज्ञात हो कि गर्मी के दिनों में राजस्थान से गढ़रियों की टोली प्रदेश के कई इलाकों में पहुंचती है। इनके साथ उनके पालतू ऊंट, भेड़-बकरियां भी होती है। ये एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर बसेरा कर अस्थायी रूप से बिताते हैं। बताया जाता है कि राजस्थान की ओर इन दिनों ऊंट के चारा व खाने के लिए व्यवस्था नही हो पाती है। जिसके चलते अन्य राज्यों की ओर निकल पड़ते है। वहीं बरसात लगते ही अपने गृह स्थान की ओर प्रस्थान करते हैं। सुबह रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंटों का कारवां गुजरा तो मुख्य मार्ग के नजदीक हरे भरे पेड़ों पर लगी हरी पत्तियां खाने के लिए टूट पड़े और पत्तियां खा कर अपनी भूख मिटाते नजर आए। गर्मी के मौसम में पठारी क्षेत्र में हरी घास की कमी के कारण ऊंट पालक मैदानी क्षेत्रों के जंगलों सहित अन्य स्थानों पर कुछ महीनों के लिए अस्थायी निवास बनाकर ऊंटों का पालन-पोषण करते हैं।

### दानेश्वर ने 7वीं बार किया रक्तदान

**अंडा।** ग्राम कांदुल निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता दानेश्वर प्रसाद साहू ने धमतरी के एक निजी



अस्पताल में भर्ती मरीज संजीव कुमार पटेल को रक्तदान कर किया। श्री साहू ने बताया कि उन्होंने सातवीं बार रक्तदान किया है। दानेश्वर प्रसाद के साथी चंद्रहास साहू ने बताया कि श्री पटेल के शरीर में खून की कमी हो गई थी, उन्हें 5 यूनिट खून की आवश्यकता थी। उनके मामा एवं चाचा सहित 4 लोगों ने अपना खून दिया था। वहीं, दानेश्वर प्रसाद ने रक्तदान किया।

### आईटी पास छात्रों को बांटा प्रमाण पत्र

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर सेक्टर स्किल काउंसिल की परीक्षा में पास हुए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। भारत सरकार शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालय नई दिल्ली के माध्यम से राज्य में व्यावसायिक शिक्षा संचालित हो रही है। इस संस्था में संचालित आई. टी.ट्रेड के विद्यार्थियों को सेक्टर स्किल काउंसिल के द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

## निधन

### गंगाराम यादव

**बालोद।** भगोलीपारा दल्ली



राजहरा निवासी गंगाराम यादव 28 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतराम यादव के छोटे भाई एवं लालाराम यादव लालू राम यादव के मामा के लड़के थे।

---

**लोकसभा चुनाव : रविवार शाम थम गया चुनाव प्रचार, अब घर-घर संपर्क कर सकेंगे प्रत्याशी व समर्थक**

# चुनावी शोर थमने से पहले कांग्रेस-भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत, केंद्र में सरकार बनाने मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



तीसरे चरण के मतदान के लिए अब 1 ही दिन शेष रह गया है। रविवार शाम चुनाव का शोर गुल थम गया। अब प्रत्याशी एवं उनके समर्थक सिर्फ डोर टू डोर संपर्क करेंगे। चुनावी शोर थमने से पहले रविवार को प्रमुख राष्ट्रीय दलों कांग्रेस व भाजपा ने जमकर अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने जिले में पूरी ताकत झोंक दी। बता दें कि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कल मंगलवार को वोट डाले जाएंगे।

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार राजेन्द्र साहू ने संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आसिष छाबड़ा ,जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश राघव ,वर्तमान जिला अध्यक्ष बंसी पटेल जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़ की मौजूदगी में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायत परपोड़ा मोहबठ्ठा कोदवा देवरबीजा बैजलपुर तारालिम निनवा लेंजवारा सरदा कुसुमी में जाकर धुआंधार प्रचार किया।

**महंगाई चरम पर, केंद्र सरकार का कंट्रोल नहीं : संगीता-** जनसभा को सम्बोधित करते हुए संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि देश में महंगाई चरम सीमा पर है। आज दाल की कीमत एक सौ अस्सी रुपये है, सिलेंडर का भाव आसमान छू रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया नरेन्द्र मोदी का कंट्रोल नहीं है। आज सोने का भाव पचहत्तर हजार रुपये प्रति तोला हो गया है, जो आम आदमी की पहुंच से काफी दूर है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाएं, जिससे मनरेगा के तहत मिल रही दो सौ तिरालीस रुपये मजदूरी की जगह चार सौ रुपये मजदूरी दी जाएगी। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये दिया जाएगा। इस लिए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी भाई राजेन्द्र साहू को भारी मतों से जिताएं।

**दो विचारधाराओं के बीच मुकाबला : छाबड़ा-** जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि राजेन्द्र साहू किसी परिचय के मोहताज नहीं है। उनका गृहग्राम बेरला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत बोरिया है।हमको आज गर्व हो रहा है दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा का प्रत्याशी बेमेतरा जिले का मूल निवासी है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में दो अलग-अलग विचारधारा रखने वाली पार्टियों के बीच मुकाबला है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान का पालन करते हुए किसानों एवं मजदूरों के हित में कार्य करती है, तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी संविधान बदलने और उद्योपतियों का कर्जा माफ करने वाली पार्टी है। उन्होंने कांग्रेस की घोषणाओं की जानकारी देते हुए लोगों से कांग्रेस उम्मीदवार को विजयी बनाने की अपील की।

**भूपेश के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने पूरे किए वादे : राजेंद्र-** जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार राजेन्द्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने 2018 के विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए कांग्रेस की सरकार बनाई थी। भूपेश बघेल की अगुवाई वाली सरकार ने अपने घोषणापत्र जिन योजनाओं को शामिल किया था, सबको पूरा किया। सरकार बनते ही किसानों का दस हजार करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया। बेरोजगार युवकों को पच्चीस सौ रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया और दो रुपये प्रति किलो की दर से गोबर खरीदने वाला देश का पहला राज्य बना। लेकिन जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी कांग्रेस पार्टी द्वारा बनाई गई योजनाओं को रद्द कर दिया। जनसभाओं में डोमन साहू मनोज साहू महेंद्र साहू राजेश देवांगन कोमल साहू उमेन्द्र साहू बलराम साहू मनोहर साहू बोधन साहू प्रहलाद साहू गोकुल निषाद पंचराम कुर्रे सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।



## विधायक दीपेश के नेतृत्व में भाजपाइयों ने किया रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बाइक रैली निकालकर जनता से माँगा भाजपा के पक्ष में समर्थन

विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हजारों की संख्या में रविवार जिला मुख्यालय में बाइक रैली निकाली। रोड शो कर क्षेत्र की जनताओं से भारतीय जनता पार्टी के लिए वोट मांगा। दुर्ग लोकसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार कर मतदाताओं से भाजपा के समर्थन में मतदान करने की अपील की। इस दौरान दीपेश साहू ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखने के लिए, भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपना एक एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने क्षेत्र की जनता से अपील की। उन्होंने कहा कि एक ही दिन बचा है, आराम नहीं करना है। एक-एक व्यक्ति को वोट डलवाना है और इतिहास बनाना है। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार लोकसभा सीट के लक्ष्य को पार कर रिकार्ड मतों से तीसरी बार श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाना है। रोड शो विधायक कार्यालय से होते हुए परशुराम चौक, से सिग्नल चौक होते हुए भाजपा कार्यलय से सिंगघोरी, पहुंची बाइक रैली जहाँ मंचीय कार्यक्रम को विधायक दीपेश साहू सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उपस्थित जनताओं को सम्बोधित किया। उसके बाद बाइक रैली बस स्टैंड से चौपाटी होते हुए वापस विधायक कार्यलय में समाप्त हुई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिह चंदेल,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,राजेंद्र शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी मोती लाल साहू,राजू देवांगन ,होरी लाल सिन्हा,ललिता साहू ,रेवा राम निषाद,राकेश मोहन शर्मा, पार्षद लक्ष्मी लहरे ,पंचू साहू, नीलू राजपूत ,हर्षवर्धन तिवारी, विकाश तम्बोली, डॉ भुनेश्वर साहू , युगल देवांगन,धर्मेंद्र साहू, योगेश वर्मा , विनय साहू, रोशन दत्ता सहित बड़ी संख्या मे भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता सहित वार्ड वासी मौजूद रहे।

## गांव-गांव दौरा कर विजय के लिए जीत का आशीर्वाद मांग रहे भाजपा नेता



**गुरूर।** ब्लाक के भाजपा नेताओं ने प्रदेश संगठन के निर्देश के बाद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में डेरा डाल दिया है और पार्टी प्रत्याशी विजय बघेल को जिताने एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। बालोद विधानसभा के पूर्व विधायक प्रीतम साहू, भाजपा जिला मंत्री नरेश साहू एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपने सहयोगियों के साथ शक्ति केंद्र बटरेल के अंतर्गत अरमरी खुर्द, आगेसरा, रिवागहन, उमरपोती में बूथ स्तर पर बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने केंद्र में पुनः भाजपा सरकार बनाने संकल्प दिलाया। इसके साथ ही भाजपा नेताओं ने ग्रामों में नुक्कड़ सभा, चौपाल में चर्चा के साथ जनसभा लेकर केन्द्र सरकार की योजनाओं उनके कार्यों को आम जनता को बता रहे हैं। ग्राम खोला, बासिन, रियागहन एवं अकताई में जनसभा को सम्बोधित करते हुए जिला मंत्री नरेश साहू ने भारत को विश्वगुरु बनाने, भारतीय अर्थव्यवस्था की विश्व स्तर पर शीर्ष पर पहुंचाने के लिए विजय बघेल को वोट देने की अपील की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पाटन लालेश्वर साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू के साथ स्थानीय भाजपा नेता भी उपस्थित थे।



### डबल इंजन सरकार का लाभ लेने भाजपा प्रत्याशी को जिताएं : देवेंद्र

**डौंडीलोहारा।** नगर के भाजपा नेता व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल अपनी टीम के साथ कोरबा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने बैकुंठपुर विधानसभा के बचरा पौड़ी मंडल में प्रत्याशी सरोज पाण्डेय के लिए नुक्कड़ सभा, शक्ति केन्द्र व बूथस्तरीय बैठक ली। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न गांवों में जाकर श्री मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी को विजय श्री दिलाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि भारत के विकास एवं सम्मान के लिए देश में सशक्त सरकार बनाने के लिए श्री मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना आवश्यक है। इसके लिए कोरबा लोकसभा में सरोज पाण्डेय को वोट देने का आह्वान किया, ताकि राज्य के साथ-साथ देश में भाजपा की सरकार बने और डबलइंजन की सरकार का लाभ कोरबा क्षेत्र के लोगों को भी मिल सके।

## समाज के हर व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक दृष्टिकोण से अग्रणी बनाना जरूरी

**डौडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज की मंडल स्तरीय बैठक रविवार को नगर के पुराना हॉस्पिटल के सामने आयोजित की गई। मण्डल व जिला पदाधिकारियों एवं सामाजिक बन्धुओं, माताओं के द्वारा माता बहादुर कलारिन व भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन की पूजा अर्चना कर सामाजिक पदाधिकारियों का स्वागत सत्कार कर मंचासीन कराया गया। जिलाध्यक्ष चमन सिन्हा ने कहा कि समाज में सिर्फ बेटी रोटी तक सीमित नहीं होना चाहिए। समाज के हर व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक दृष्टिकोण से अग्रणी बनाने पहल की जरूरत है। मण्डलेश्वर कँवल सिन्हा ने कहा कि हम सबको समाज हित को ध्यान रखते हुए कार्य करना चाहिए। बैठक को जिला महामंत्री चन्द्रहास सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष हरदेवलाल सिन्हा,मण्डलेश्वर गुरूर चन्दन लाल सिन्हा, भवन निर्माण समिति जिलाध्यक्ष देवलाल सिन्हा , जिला कोष निरीक्षक घनश्याम सिन्हा, संरक्षक गौकरण सिन्हा, सचिव हीरालाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष मोहनसिंह सिन्हा, जिला कार्यकारिणी सदस्य माहरू राम सिन्हा, मीडिया प्रभारी गौतम सिन्हा की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बिशाल सिन्हा ,हरेश्वर सिन्हा, भरत लाल साहसी, अशोक सिन्हा,रामगुलाल सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, मुंजन सिन्हा, सरयू सिन्हा सहित तहसील इकाई के स्वजातियों की उपस्थिति में सामाजिक प्रकरण निपटारा, आय व्यय का सामाजिक पटल पर चर्चा। अध्यक्ष के अनुमति से अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर समाज को सक्रिय व अग्रणी बनाने पहल करने की योजना बनी।

## भाजपा नेताओं ने पार्टी अपने प्रत्याशी को जिताने झोंकी

## दिल्ली में अपनी आवाज बुलंद करने विजय को फिर लोकसभा भेजें : पुष्पेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



दुर्ग लोकसभा का चुनाव प्रचार अब अपने अंतिम दौर में है। भाजपा के नेता दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। कांकेर लोकसभा की चुनावी यात्रा समाप्त होने के बाद बालोद क्षेत्र के भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर दुर्ग लोकसभा में सघन जनसंपर्क कर रहे हैं।

इसी क्रम में पुष्पेंद्र चंद्राकर ने ग्राम अकतई, रिवागहन और बासीन में नुक्कड़ सभा लेकर विजय बघेल को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। उन्होंने सभा में कहा कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी के लिए घोषणा पत्र बनाने की जिम्मेदारी विजय बघेल को दी गई थी। उन्होंने पूरे प्रदेश में घूम-घूम कर सभी से चर्चा और सलाह लेकर भाजपा के लिए घोषणा पत्र बनाया, जिसकी बदौलत प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। सरकार बनी तो सभी घोषणाओं पर अमल होना प्रारंभ हो गया है, चाहे महतारी वंदन योजना से प्रति महिलाओं को हर महीने एक हजार रूपये की राशि प्रदान करना हो, दो साल का किसानों को बोनस राशि का वितरण हो या 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी हो। सभी कार्य हो रहे है। श्री चंद्राकर ने कहा कि आज विजय बघेल की अध्यक्षता में बनाए गए घोषणा पत्र से समूचे छत्तीसगढ़ प्रदेश को लाभ मिल रहा है। आज सबके जीवन में परिवर्तन जो आया है और योजनाओं का लाभ मिल रहा है उसमें विजय बघेल का अहम योगदान है। अब आप सबकी पुनः जिम्मेदारी है कि अपने बेटे को जिन्होंने आपके लिए कार्य किया है, उन्हें पुनः जीताकर लोकसभा में अपने प्रतिनिधि के रूप में भेजें, ताकि दुर्ग लोकसभा की आवाज दिल्ली तक बुलंद हो सके।

**केंद्र व राज्य की योजनाओं की दी जानकारी-** इस दौरान बालोद जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने शासन की योजनाओं से आमजनों को अवगत कराते हुए उनके लाभ को बताया और पुनः विजय बघेल को सांसद व नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। इस दौरान पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष दक्षिण पाटन लालेश्वर साहू, बालोद भाजपा के जिला मंत्री नरेश साहू, नारद साहू, शरद बघेल शामिल रहे।

---

**लोकसभा निर्वाचन के सामग्री वितरण व तैयारियों के पूर्वाभ्यास में पहुँचे कलेक्टर**


# चुनाव सामग्री का वितरण आज, फिर रवाना होंगे मतदान दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संसदीय क्षेत्र 07 अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों साजा, बेमेतरा और नवागढ़ में निर्वाचन संबंधी सभी तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर शर्मा ने कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचकर निर्वाचन सामग्री वितरण व वापसी के लिए की गई तैयारियों को अंतिम रूप दिया। आज सबेरे 6 बजे से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को सामग्री का वितरण इसी परिसर से किया जाएगा। मतदान दलों को प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट भी दी जाएगी। जिले के तीनों विधानसभा के लिए 3000 व रिज़र्व में 1000 कर्मचारियों की डयूटी लगायी गई है। इस मौके पर अपर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर(एआरओ) सहित जिले के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने मंडी परिसर में निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान वे तीनों विधानसभा के मतदान कर्मियों के लिए बनाये गयी बैठक व्यवस्था देखी और कुछ कमियों को आज शाम तक पूर्ण करने के निर्देश दिए । उन्होंने कर्मचारियों के भोजन व चाय-नाश्ता केंटीन का भी अवलोकन किया। वाहन पार्किंग आदि भी देखी। कलेक्टर ने उन्होंने मतदान दलों के लाने ले जाने के लिए वाहन व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं बस ड्राइवर कों बुलाकर बस की फिटनेस चेक करी । इसके पश्चात कलेक्टर श्री शर्मा ने सीएमएचओ को निर्देशित किया की सभी मतदान दलों में चिकित्सा संबंधी तैयारी करने कों कहा । आज मतदान सामग्री वितरण का पूर्वाभ्यास भी किया गया।

**मतदान दलों को मेडिकल किट भी-** जिलाधीश ने मंडी में बिजली पानी के साथ साथ पर्याप्त मात्रा में शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के नगर पालिका अधिकारीयों को जरूरत के मुताबिक अस्थायी व चलित शौचालय के व्यवस्था करने के निर्देश दिये।





### मतदान कर्मियों को सामग्री लेने लाइन लगने की आवश्यकता नहीं

बता दें कि इस बार नवाचार करते हुये मतदान कर्मियों को टेबल पर मतदान सामग्री दी जाएगी । मंडी प्रांगण में तीनों विधानसभा क्षेत्र के 3000 मतदान कर्मियों के लिए अलग अलग कुर्सी टेबल की व्यवस्था की गई है। इस बार मतदान दलों को वितरण काउंटर में लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि मतदान दलों के पास जाकर उनको मतदान सामग्री प्रदान किया जायेगा।

